Email : guj.abhgb@gmail
website : https://hgbsgujarat.org

# हरियाणा गौड ब्राह्मण-गुजरात

तंत्री एवं प्रधान संपादक
विजयकुमार छत्रपाल शर्मा (चोरीवाड-ईडर)

• वर्ष : 1 • अंक : 09
• 15 मार्च-2024, शुक्रवार

सहतंत्री
• कमलेश शर्मा (पनवाडिया-थोलाईवाले), • रामअवतार एम.शर्मा (कुडाया), अहमदाबाद, • उमेश कुडाया (कठवाडा)



## न भूतो न भविष्यति - सामूहिक विवाह में बने कई रिकार्ड

# हरियाणा गौड़ ब्राह्मण समाज का आठवां सामूहिक विवाह महोत्सव धामधूम से हुआ संपन्न

**करियावर में 50 से अधिक भामाशाहों द्वारा विभिन्न घरेलू सामान एवं उपहार दिये गए - सामूहिक विवाह के भव्य आयोजन हेतु 130 से अधिक समाजबन्धुओं द्वारा 15 लाख से अधिक का आर्थिक सहयोग प्राप्त हुआ**



पंकज शर्मा, अहमदाबाद : खेड़ा जिले के लाभपुरा में अखिल गुजरात हरियाणा गौड़ ब्राह्मण सेवा संगठन के तत्वाधान में हरियाणा गौड़ ब्राह्मण समाज-गुजरात का ८वां सामूहिक विवाह महोत्सव समाजबंधुओं की भारी भीड़ के बीच भव्य आकर्षण के साथ संपन्न हुआ। इस सामूहिक विवाह महोत्सव में हरियाणा गौड़ ब्राह्मण समुदाय के कुल सात वर-वधू जोड़े सुर्खियों में आए। अखिल गुजरात हरियाणा गौड़ ब्राह्मण सेवा संगठन के प्रदेश अध्यक्ष संजय पंडित, प्रदेश महामंत्री योगेन्द्र शर्मा, प्रदेश कोषाध्यक्ष सुरेश पंडित के साथ-साथ प्रदेश कोर कमेटी, प्रदेश युवा मोर्चा अध्यक्ष हसमुख पंडित और युवा मोर्चा टीम के सदस्यों की कड़ी मेहनत और निरंतर प्रयासों के कारण प्रत्येक जिले के सेवाभावी समाजबंधुओं की कड़ी मेहनत और निरंतर प्रयासों के कारण, आठवां सामूहिक विवाह एक शानदार सफलता रही। वर्ष 2018 के बाद 2024 में हरियाणा गौड़ ब्राह्मण समाज में सामूहिक विवाह हुआ था। ऐसे में इतने लंबे समय के बाद सामूहिक विवाह के आयोजन को लेकर समाज के लोगों में काफी उत्साह दिखा। समाज के आठवे सामूहिक विवाह में कई रिकॉर्ड भी बने हैं. हरियाणा गौड़ ब्राह्मण समाज के लोग इस ऐतिहासिक क्षण के गवाह बने हैं।

130 से अधिक समाजबंधुओं ने 15 लाख से अधिक का आर्थिक सहयोग दिया है तथा 50 से अधिक भामाशाहों ने उदार हाथो से भेट-सोगाद की बौछार लगा दी

जिले के खेड़ा स्थित श्री जय जलाराम आश्रम सेवा ट्रस्ट की धर्मशाला में आयोजित सामूहिक विवाह में बने, रिकॉर्ड की बात करें तो आठवें सामूहिक विवाह में 50 से अधिक भामाशाहों ने दिल खोलकर उपहार और घरेलु उपयोगी वस्तुएं देकर सभी का दिल जीत लिया. क्योंकि अब तक सामूहिक विवाह में इतनी बड़ी संख्या में भेंट सामान या उपहार कभी नहीं आए। इतना ही नहीं, बल्कि 130 से अधिक समुदाय के सदस्यों ने 1,100 रुपये से लेकर 51,000 रुपये तक का आर्थिक सहयोग दिया। इससे प्रदेश टीम को 15 लाख से अधिक की आर्थिक सहायता प्राप्त हुई। हरियाणा गौड़ ब्राह्मण समाज ने दोनो हाथ खोलकर अनुदान लिखाकर सामूहिक विवाह के लिए मानो पूरी ताकत लगा दी.. इतना उत्साह पहले कभी नहीं देखा गया और वो भी 10 से 15 दिन के अंतराल में.. बहुत ही कम समय में समाजबंधु दानदाताओं ने बड़ी संख्या में और पूरी क्षमता से दान देकर इतिहास रचा है। जो हरियाणा गौड़ ब्राह्मण समाज-गुजरात के लिए मील का पत्थर बन गया है।

अब दूसरे रिकॉर्ड की बात करें तो सामूहिक विवाह में शामिल हुए सात नवविवाहितों को समाज के सदस्यों की ओर से कुल तीन लाख का सामान उपहार में दिया गया. यह अब तक का सबसे बड़ा रिकॉर्ड है। इसमें छोटे घरेलू सामान से लेकर महंगे सामान जैसे फ्रिज, टीवी, बिजली के सामान, सोने और चांदी के सामान, दरवाजे की घंटियाँ, चांदी की गायें, दुल्हन के कपड़े, वॉशिंग मशीन, माइक्रोवेव ओवन, भगवान गणेश और माताजी की पंचधातु की मूर्तियाँ, बिस्तर सेट, बिजली की चिमनियाँ, स्टील की तिजोरियाँ , बिस्तर सेट, पंखा, बर्तन सेट, कूलर, ट्रॉली बैग, मिक्सर ग्राइंडर, पेडस्टल पंखा, खेती के बर्तन, पीतल के बर्तन, कड़वाचौथ के बर्तन, पूजाघर, दालबाटी कुकर, वलोना मशीन, कैंशरोल, दीवार घड़ी, लोहा, सोफासेट, पांच और सात लीटर का स्टील कुकर, स्टील के डिब्बे समेत समाना उपहार में दिया गया। इतना ही नहीं, प्रदेश संगठन की ओर से सोने की चेन और सिलाई मशीनें भी उपहार में दी गई.. इस तरह प्रत्येक जोड़ी को कुल तीन लाख का घरेलु सामान उपहार में दिया गया. जो दूसरा सबसे बड़ा रिकॉर्ड बन गया है..तो वही भोजन का खर्च समाज के दो सदस्यों ने वहन किया।

तीसरे रिकॉर्ड की बात करें तो सामूहिक विवाह में ऐसा कभी नहीं देखा गया कि जीवन में माता-पिता के महत्व को समझकर दूल्हा-दुल्हन ने अपने माता-पिता की पूजा की हो और सात फेरे लिए हों। ८वें समूह विवाह में ऐसा पहली बार देखने को मिला.. यहां बारात पहुंचने पर दूल्हे-दुल्हन का स्टेज पर भव्य स्वागत किया गया. 14 फरवरी को वैलेंटाइन डे और वसंतपंचमी पर्व भी था। कार्यक्रम के मंच से कार्यकर्ता पंकज शर्मा द्वारा माता-पिता की आरती करने का अनोखा विचार प्रस्तुत किया गया. हर कोई सोच रहा था कि उनकी तरफ से कुछ सरप्राइज़ में क्या होगा? यह बड़ा आश्चर्य था। पहले कभी किसी ने ऐसा नहीं सोचा था। पंकज शर्मा ने कहा कि शादी करने के बाद दूल्हा-दुल्हन भविष्य में अपने माता-पिता को न भूलें, या नौकरी-व्यवसाय शुरू करने के बाद उन्हे अकेला न छोड दे इसलिए इस अनूठे विचार को "माता-पिता वंदना" के रूप में प्रस्तुत किया गया ताकि उनके साथ कभी कोई संघर्ष की स्थिति उत्पन्न न हो और संताने और वर-वधू अपने माता-पिता की सेवा करने में कभी पीछे न हटें।

(सन्दर्भ पृष्ठ क्रमांक 3 पर)

# सात नवविवाहित जोड़ों को समाज द्वारा लगभग तीन-तीन लाख का सामान उपहार में देकर एक ऐतिहासिक रिकार्ड बनाया गया



पृष्ठ क्रमांक-2 का संदर्भ

जिसमें सभी सात दूल्हों और उससे भी अधिक ने अपने माता-पिता और सास-ससुर की पूजा की और विनम्रतापूर्वक उनका आशीर्वाद लिया और राज्य में कदम रखा। आज की नई पीढ़ी को माता-पिता के महत्व और उनके प्रति उनके अतुलनीय भावनात्मक लगाव से अवगत कराने की जरूरत है। पंकज शर्मा ने कहा कि मुझे स्वयं या यहां बैठे असंख्य लोगों की माता-पिता की आरती करने का सौभाग्य नहीं मिला है। यदि आप जीवित माता-पिता की पूजा करते हैं तो आपको ईश्वर का आशीर्वाद स्वत: ही मिल जाएगा और यदि माता-पिता खुश नहीं हैं तो श्राद्ध या पूजा करना या करोड़पति बन भी जाओगे तो कोई मतलब नही है। माता-पिता की पूजा के पीछे यही मूल विचार था। पंकज शर्मा ने सातों जोड़ियों को भाग्यशाली बताया। जिन्होने शादी से पहले माता-पिता की पूजा करके उनके महत्व को समझा।

इस ऐतिहासिक रिकार्ड को हर समाजबंधु ने नोट किया। और इस पहल को काफी सराहनीय माना गया. माता-पिता की आरती उतारते वक्त समाज के कुछ लोग भावुक हो गए. यही वो पल था जब सभी ने अपने माता-पिता को दिल से याद किया।

सामूहिक विवाह में बैंडवाजा और ढोल-नगाड़े की धुन पर बारात निकाली गई। हरियाणा गौड़ ब्राह्मण समाज में अब तक ऐसा नहीं हुआ कि बैंडबाजे की धुन पर नाचती घोडीओ ने दूल्हे समेत समाज के सभी लोगों को झुमाया हो। दूल्हे के सभी रिश्तेदार और बाराती नाचती घोड़ियों के अनोखे करतब देखकर मंत्रमुग्ध हो गए। इतना ही नहीं, बैंड के संगीत की भी ऐसी लय थी कि हर कोई झूम रहा था। डांसर घोड़ी पर सवार दूल्हे की शानदार छटा को कई युवा अपने मोबाइल कैमरे में कैद करते दिखे। करीब डेढ़ घंटे तक समाज के सभी लोगों ने जी भरकर सामूहिक विवाह महोत्सव का लुत्फ उठाया।

सात अलग-अलग आकर्षक सजावट वाली शादी की चौरियां(लग्नमंडप) तैयार की गई। सातों जोड़ों को संख्या के हिसाब से विवाह मंडप पर बैठाया गया.. समाज के 1500 से ज्यादा लोगों की मौजूदगी में सामूहिक विवाह कार्यक्रम की रंगारंग शुरुआत हुई.. एक तरफ विवाह समारोह चल रहा था.. तो वहीं दूसरी तरफ प्रदेश संगठन की ओर से मंच पर समाज के भामाशाहों का सम्मान कार्यक्रम भी रखा गया..प्रदेश अध्यक्ष संजय पंडित एवं प्रदेश टीम के सदस्यों ने घरेलु उपहार-भेट-सोगाद एवं आर्थिक सहयोग देने वाले सभी दानदाताओं के नामों की घोषणा कर उन्हें बुलाया गया. मंच पर उन्हें साफा और खेस पहनाकर सम्मानित किया गया। प्रदेश अध्यक्ष संजय पंडित ने सभी दानदाताओं को उनके सहयोग और समर्थन के लिए धन्यवाद दिया..और सामूहिक विवाह को सफल बनाने के लिए समाजबंधुओं को साधुवाद (शाबाशी) दीया।

प्रदेश उपाध्यक्ष लालीजी महाराज ने कहा कि मात्र 20 दिनों में सामूहिक विवाह का सुंदर आयोजन बड़ी सफलता है. मैं क्षेत्रीय टीम को बधाई देता हूं। जो रिकॉर्ड बनाया गया है उसे देखकर मैं अभिभूत हूं। सफल आयोजन के लिए मैं प्रदेश अध्यक्ष संजय पंडित,महामंत्री योगेन्द्र शर्मा,कोषाध्यक्ष सुरेश भाई पंडित को बधाई देता हूं.. पत्रकार पंकज शर्मा ने मंच का सफल संचालन कर सभी को प्रभावित किया.इसी तरह से समाज आगे बढ़ता रहे।

पूर्व प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र पंडित ने कहा कि समाज में सामूहिक विवाह का बहुत महत्व है. सामूहिक विवाह से परिवार को खर्च में 8 से 10 लाख की बचत होती है और नवविवाहितों को व्यावसायिक उपहार के रूप में घरेलू सामान मिलता है। उन पर शादी के भारी खर्च का बोझ नहीं रहताहै। और बची हुई 8 से 10 लाख की लागत का उपयोग एक नया व्यवसाय शुरू करने के लिए किया जा सकता है और वही परिवार भविष्य में समाज में आर्थिक योगदान देने लायक हो सकता है। दूसरा उद्देश्य यह है कि समाज में मध्यम वर्गीय परिवार जिनके बेटी या बेटे हैं और शादी का खर्च वहन नहीं कर सकते उन्हें सामूहिक विवाह से सबसे बड़ी मदद मिलती है। इसलिए ऐसी योजना समाज में समय-समय पर होनी चाहिए। यह समाज के उत्थान का कार्य है।

महामंत्री योगेन्द्र शर्मा ने बताया कि दानदाताओं के सहयोग से गुजरात सेवा संगठन की टीम सामूहिक विवाह का आयोजन करने में सफल रही है। कार्यक्रम में समाज के लोगों ने छोटे चम्मच से लेकर महंगी वस्तुओं तक उपहार दिये हैं। यहां से कुल तीन लाख तक का सामान दिया गया है। यह एक सौभाग्यशाली अवसर रहा है। एसएस परिवार के सुनील पंडित ने कहा कि कम समय में अच्छा आयोजन कर पाने के लिए अखिल गुजरात हरियाणा गौड़ ब्राह्मण सेवा संगठन की टीम बधाई की पात्र है। दिल्ली से गया प्रसाद बलेसरा और कोटा से हॉस्टल के अधिकारी भी पहुंचे. कोटा में समाज के विद्यार्थियों के लिए छात्रावास बनाया गया है..यह सरस्वती का स्थान है इसलिए हमें भी इसके विकास के लिए यथाशक्ति का सहयोग करना चाहिए।

प्रदेश युवा मोर्चा के महामंत्री विनोद शर्मा ने कहा कि पिछले चार-पांच दिन हमारे लिए बहुत थकाने वाले थे. सामूहिक विवाह को सफल बनाने के लिए हमें जो कार्य सौंपा गया था, उसे हमारी टीम के सदस्यों ने मिलकर कड़ी मेहनत करके सफल बनाया। उन युवा साथियों को बहुत-बहुत धन्यवाद.. जो पिछले दो-तीन दिनों से यहां दिन-रात मेहनत कर रहे थे। समाज के हर सदस्य ने हमारा समर्थन किया है. इसके लिए भी मैं सभी को धन्यवाद देता हूं।

सामूहिक विवाह को मजबूती देने में सामाजिक प्रदेश युवा मोर्चा की टीम ने सक्रिय भूमिका निभाई। जिसे भुलाया नहीं जा सकता। आप सभी जानते ही होंगे कि सामूहिक विवाह रद्द होने के बाद ऐसी स्थिति नहीं थी कि आठवां सामूहिक विवाह हो पाता. लेकिन प्रदेश युवा मोर्चा के अध्यक्ष हसमुख पंडित, विनोद शर्मा, प्रेम बोहरा, सागर शर्मा, चंचल शर्मा सहित पूरे प्रदेश युवा मोर्चा ने सामूहिक विवाह आयोजित करने की तैयारी दिखाई। जिसके बाद रद्द हुए सामूहिक विवाह के सफल आयोजन की जिम्मेदारी गुजरात सेवा संगठन की क्षेत्रीय टीम ने ली। एक तरह से कहा जा सकता है कि आठवें सामूहिक विवाह की योजना सटीक तौर पर क्षेत्रीय टीम ने बनाई है। लेकिन इस कार्यक्रम को क्रियान्वित और मजबूत करने का काम प्रदेश युवा मोर्चा की टीम ने किया। समाज को यह उत्तम प्रेरणा देने के लिए प्रदेश युवा मोर्चा की पूरी टीम बधाई की पात्र है।

पूरे गुजरात से आये हरियाणा गौड़ ब्राह्मण समाज के सदस्यों ने सामूहिक विवाह के आयोजन की सराहना की. प्रदेश टीम को ऐसे ही योजना बनाते रहने के लिए प्रोत्साहित किया गया.. कार्यक्रम के अंत में सभी समाजबंधुओ का धन्यवाद प्रदेश महामंत्री योगेन्द्र शर्मा ने किया. जबकि मंच संचालन पंकज शर्मा ने किया.. शाम 5 बजे सामूहिक विवाह व स्टेज कार्यक्रम संपन्न होने के बाद समाज के सभी लोग चाय की चुस्कियां लेते हुए जय परशुराम व जयश्रीराम के नारे के साथ अपने-अपने गंतव्य के लिए रवाना हुए। जय समाज...

## अखिल भारतीय हरियाणा गौड़ ब्राह्मण समाज संस्थान कोटा

# छात्रावास का लोकार्पण



कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर माननीय **लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला** खास उपस्थित रहे



## कोटा छात्रावास के लिए आर्थिक सहयोग के स्वरुप पांच लाख का सहयोग देनेवाले अहमदाबाद के भामाशा सुनिल पंडित (एस.एस.परिवार) समेत सभी भामाशाहो का किया गया सन्मान

कार्यक्रम की शुरूआत सरस्वती वंदना एवं दीप प्रज्वलन के साथ की गई इसके बाद महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बिरधी चन्द जी शर्मा, राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष कैलाश जी दुर्गापुरा, राष्ट्रीय महामंत्री सीताराम जी अलियाबाद, राष्ट्रीय सह महामंत्री बंशी लाल जी बोहरा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नारायण जी चाकसू, राष्ट्रीय उपाध्याय श्री जगदीश जी रायपुरा, पत्रिका संपादक जगदीश जी टोंक फ़ाटक, राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष श्री रमेश जी मावावाले, कोटा ज़िला अध्यक्ष जगदीश जी शर्मा, कोटा ज़िला महामंत्री राधेश्याम जी सुल्तानपुर आदि उपस्थित महासभा पदाधिकारीगण, अतिथियों, समाज बंधुओ के सानिध्य में नवनिर्मित छात्रावास का उद्घाटन किया गया। गुजरात से सुनिल पंडित(एस.एस.परिवार), सागर शर्मा(अडास-आणंद), संजय शर्मा(हिंमतनगर-PSI) समेत कुछ समाजबंधु उपस्थित रहे। जब की राजस्थान के कई जिलो से प्रदेश के समाजबंधुओने शिरकत की। गौरतलब है कि गुजरात से सुनील पंडित के अलावा रामजीलाल शर्मा(जोशी-खेडा-अहमदाबाद) एवं उमेश कुडाया(कठवाडा-अहमदाबाद) ने एक-एक लाख रूपिये का अनुदान आर्थिक सहयोग के तौर पर कोटा संस्थान को दिया था।

मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरलाजीने अपने संबोधन में कहा कि संसदीय क्षेत्र कोटा में हरियाणा गौड़ ब्राह्मण समाज के नवनिर्मित छात्रावास का लोकार्पण समाज के लिए बेहद महत्वपूर्ण सेवाकार्य है। भारत के युवा आज विश्व में नेतृत्व कर रहे हैं। वैश्विक समस्याओं के समाधान के लिए भी दुनिया भारत के युवाओं की ओर आशा भरी नजरों से देख रही है। ऐसे में हमारा प्रयास होना चाहिए कि हमारे युवा कौशल के क्षेत्र में भी अग्रणी हों। यह छात्रावास वंचित वर्ग के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण तकनीकी शिक्षा प्राप्त कर देश और समाज के प्रति योगदान देने के लिए सक्षम बनाएगा।

कार्यक्रम के तहत समारोह में भामाशाहों का भी सम्मान किया गया. कार्यक्रम में गुजरात, दिल्ली, हरियाणा व राजस्थान के विभिन्न ज़िलो से समाज बंधुओं ने शिरकत की। आधुनिक युग में शिक्षा ही विकास की कुंजी है। शिक्षा से ही देश व समाज का विकास संभव है। जगह-जगह छात्रावास खुलने और छात्र-छात्राओं को जरूरी सुविधाओं के मिलने से बदहाली भरी तस्वीर बदलेगी। अशिक्षा का अंधियारा मिटने के साथ ही देश व समाज प्रगति के पथ पर अग्रसर होगा।

# सामाजिक गतिविधियों के लिए भारत सरकार द्वारा राजस्थान के युवा रामबाबू शर्मा राष्ट्रीय युवा पुरस्कार से सम्मानित




भारत सरकार युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय की ओर से नासिक, महाराष्ट्र में 16 जनवरी 2024 को आयोजित 27वें राष्ट्रीय युवा महोत्सव के अंतर्गत राष्ट्रीय युवा पुरस्कार ग्राम अनंतपुरा जयपुर, राजस्थान के रामबाबू शर्मा को वर्ष 2020-21 के लिए समुदाय के प्रति उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए केंद्रीय राज्यमंत्री निसिथ प्रमाणिक, विनीता सूद निदेशक युवा कल्याण विभाग भारत सरकार, आयुक्त युवा कल्याण महाराष्ट्र शासन सुहास दिवसे आदि ने राष्ट्रीय युवा पुरस्कार से सम्मानित किया।

राजस्थान प्रदेश से केवल एकमात्र युवा रामबाबू शर्मा अनन्तपुरा (जेतपुरा) चोमू तहसील जिला जयपुर राजस्थान के रहने वाले हैं इनकी  शिक्षा MBA in Rural Management (ग्रामीण प्रबंधन) में हुई है पिछले 11 वर्षों से नेहरू युवा केंद्र संगठन राजस्थान व अनेक प्रकार के संगठनों के साथ में जुड़कर इन्होंने समाज में बदलाव लाने का कार्य किया है।

शर्मा ने सामाजिक कार्य के क्षेत्र में अनुकरणीय गुणों का प्रदर्शन किया है और इन्होंने बताया कि मुझे मार्गदर्शन के रूप में सामाजिक क्षेत्र में कार्य करने की प्रेरणा नेहरू युवा केंद्र संगठन के स्टेट डायरेक्टर महेंद्र सिंह सिसोदिया रिटायर्ड जिला युवा अधिकारी महेश शर्मा, दीपक कुमार योगी, चाचा नान्छी लाल शर्मा,,बड़े भाई पप्पू कुमार शर्मा जिनको 2015 में जयपुर जिला कलेक्टर के द्वारा वह चोमू एसडीएम के द्वारा सामाजिक क्षेत्र में कार्य करने के लिए तीन बार सम्मानित किया जा चुका है।

पप्पू कुमार शर्मा के द्वारा पिछले 11 वर्ष से नेहरू युवा मंडल के माध्यम से जो सामाजिक कार्य कर रहे हैं। इसी दौरान इनके भी जीवन में बदलाव आते हुए सामाजिक क्षेत्र में कार्य करने की भावना जागृत हुई।और शिक्षा भी इसी क्षेत्र में प्राप्त की।नेहरू युवा मंडल अनंतपुरा को जयपुर जिले का स्वच्छ भारत समर इंटर्नशिप 2.0 का जिला स्तरीय पुरस्कार इसके अलावा दो बार जयपुर जिले पर श्रेष्ठ जिला स्तरीय युवा मंडल पुरस्कार अनन्तपुरा (जैतपुरा) को मिला है।नेहरू युवा केंद्र संगठन जयपुर के द्वारा सम्मानित किया जा चुका है। इसी के साथ चोमू एसडीएम के द्वारा भी सम्मानित हो चुके हैं। अनेक संस्थाओं ने अनेक प्रकार के अवार्ड देकर सामाजिक क्षेत्र में कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया है। इनके द्वारा अनेक युवाओं को राष्ट्र भावना  के लिए प्रेरित किया गया है।इन्होंने महिला सशक्तिकरण, स्वच्छ भारत अभियान, नशा मुक्ति अभियान, स्वास्थ्य और शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण , जल संरक्षण अभियान, पौधारोपण अभियान, रक्तदान शिविर, खेल के प्रति युवाओं में जागरूकता, स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम, युवा सशक्तिकरण , रक्तदान शिवर, बालिका शिक्षा, फिट इंडिया मूवमेंट,भारत सरकार की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए जन जागरूकता कार्यक्रम,एवं अन्य आयोजनों में नेतृत्व क्षमता का प्रदर्शन किया और समर्पित रूप से कार्य कर रहे हैं। यह पुरस्कार भारतवर्ष के 800 जिलों से भी अधिक आए हुए 9000 युवाओं के समक्ष  द्वारा प्रदान किया गया। और निसिथ प्रमाणिक ने कहा कि देश के युवाओं को एक साथ मिलकर काम करना होगा 2047 तक विकसित भारत बनाने के लिए।

ऐसे पुरस्कारों का उद्देश्य युवाओं को राष्ट्रीय विकास और सामाजिक सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्टता हासिल करने के लिए प्रेरित करना और समुदायों के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करना है। भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के द्वारा रामबाबू शर्मा को समुदाय के प्रति उनकी उत्कृष्ट सामाजिक सेवाओं को मान्यता प्रदान करते हुए वर्ष 2020-21 के लिए राष्ट्रीय युवा पुरस्कार से नासिक महाराष्ट्र में सम्मानित किया गया है। पुरस्कार स्वरूप एक लाख रूपये, मेडल,प्रशस्ति पत्र वह अन्य प्रकार की सुविधा प्रदान की है और इस दौरान राजस्थान प्रदेश से भी सभी जिलों से सैकड़ो युवा व नेहरू युवा मंडल के सचिव पप्पू कुमार शर्मा, भाजपा मंडल महामंत्री नाम नान्छी लाल शर्मा, गोपाल लाल शर्मा ,बलदेव कुमार शर्मा, रामावतार शर्मा, कुलदीप नेशनल यूथ अवाडी,मोहन मीणा ,लोकेश , मनीष कुमावत हाथोज, हेमेन्द्र पालाडिया नवरस और अपने गांव वह क्षेत्र और प्रदेश के सभी युवाओं का आभार व्यक्त किया ।

## राजस्थान से सैकड़ो लोगों उपस्थित रहे

राष्ट्रीय युवा पुरस्कार, 15 से 29 वर्ष की आयु समूह के युवाओं को राष्ट्रीय या सामाजिक सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य की पहचान के लिए दिया जाता है। यह पुरस्कार युवा को उनके समुदाय के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए, ताकि वह अपनी व्यक्तिगत संभावना को बेहतर नागरिक के रूप में सुधार सकें। यह पुरस्कार हर वर्ष राष्ट्रीय युवा महोत्सव के दौरान दिया जाता है जो हर वर्ष स्वामी विवेकानंद की जयंती के उपलक्ष्य में आरंभ होता है। शहर के महा युवा ग्राम हनुमान नगर में यह पुरस्कार समारोह संपन्न हुआ।



हरियाणा गौड ब्राह्मण - गुजरात पत्रिका(अखबार) हर महिने 15 तारीख को अगला अंक प्रकाशित होता है. भारत में कही भी रहते हरियाणा गौड ब्राह्मण समाज से संबंधित और समाजबंधुओ द्वारा भेजी गई समाज की सभी खबरे नि:शुल्क ली जाती है..आप भी अपने जिले की समाज की खबर पत्रिका टीम तक पहुंचाए..अगर आप इस अखबार के लिए कोई खबर या लेख देना चाहते हैं तो आप ई-मेल या व्हाट्सएप कर सकते हैं।

**ईमेल**

**guj.abhgb@gmail.com**

कर सकते है

## आप क्या भेज सकते हैं?

- सोशल मीडिया के बारे में लेख
- समाजबंधुओं द्वारा अपने जिले में किए गए कार्यों या कार्यक्रमों की खबरें
- नई व्यावसायिक इकाई का उद्घाटन
- सरकारी नौकरी कर रहे सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा सफलता मंत्र
- क्षेत्रीय संगठन के कार्यक्रम और उसकी खबरें
- जिला संगठन के कार्यक्रम और उसकी खबरें
- समाजबंधु द्वारा व्यक्तिगत रूप से किए जाने वाले समाज कार्य
- समाज में जागरूकता के लिए लेख
- फोटो स्टोरी या किसी खास विजिट की फोटो
- ज्ञानी या बुद्धिजीवियों के जीवनदायी विचार
- अगर कोई समाजबंधु राजनीतिक स्तर पर काम कर रहा है तो वह अपना कार्यक्रम भी दे सकता है..लेकिन उस कार्यक्रम में उसकी उपस्थिति जरूरी है।
- बिजनेसमैन हो तो सफल बिजनेस के सूत्र दे सकता है
- पारिवारिक सदस्यों के पुत्र या पुत्री को प्राप्त पुरस्कार या सम्मान का विवरण
- समाज का गौरव बढ़ाने वाले सभी कार्य या समाचार
- उद्यमिता या समुदाय के सदस्यों की बात हो रही है जिन्होंने स्टार्ट-अप शुरू किया
- सफल महिला उद्यमियों की संघर्ष कहानी
- महिलाओं के संगठन के बारे में समाज की महिलाओं द्वारा प्रस्तुत लेख या विवरण
- युवा जागरुकता को लेकर समाज के युवाओं के लेख या विचार
- समाज से जुड़ी वो सभी खबरें या बातें जो समाज के लोगों ने की हो
- समाज से जुड़े सभी कार्य जिनसे समाज को लाभ होना है
- गुजरात और गुजरात के बाहर अन्य राज्यों के किसी भी समाजबंधु द्वारा लेख या लेख पाए जाने पर उन्हें समाचार पत्र में शामिल किया जाएगा।
- यदि ई-मेल के माध्यम से अन्य राज्यों के समाज की गतिविधियों की जानकारी दी जाती है, तो इसे समाचार पत्र में शामिल किया जाएगा।
- श्रद्धांजलि, बेसना, पुण्यतिथि, स्मरणोत्सव आदि पत्रिका के लिए दिए जा सकते है।
- समाचार पत्र में अपने व्यवसाय या पेशे का विज्ञापन दिया जा सकता है, जिसके लिए संपादक(विजय शर्मा-चोरीवाड) या संपादकीय टीम(पंकज शर्मा) से संपर्क करना होता है।

## अहमदाबाद : कराटे स्पर्धा में रुद्राक्ष शर्मा ने जीता गोल्ड मेडल

अब राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में भी समाज के बच्चे गौरव बढ़ा रहे हैं। अहमदाबाद के वस्त्राल स्थित एकलव्य एजुकेशन कैंपस में पढ़ने वाले कक्षा 4 के छात्र रुद्राक्ष विनोद शर्मा ने कांकरिया स्टेडियम में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय कराटे कप में स्वर्ण पदक जीतकर स्कूल परिवार और समाज को गौरवान्वित किया है। इससे पहले 17 नवम्बर से 19 नवम्बर में तालकटोरा स्टेडियम, नई दिल्ली में आयोजित ऑल इन्डिया सब जुनियर कराटे चैम्पियनशीप(नेशनल) में श्रेष्ठ प्रदर्शन कर कांस्य पदक अपने नाम किया था। रुद्राक्ष की मां का नाम आरती शर्मा है। रुद्राक्ष को कक्षा 1 से ही खेलों में काफी रुचि रही है। खासकर कराटे उनका सबसे पसंदीदा खेल है। हरियाणा गौड ब्राह्मण समाज - गुजरात प्रदेश की तरफ से उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ।




## भावपूर्ण श्रद्धांजलि !




परमपिता परमेश्वर स्व.केशवदेव गेगराज शर्मा (निवासी-अहमदाबाद) की दिव्य आत्मा को शांति प्रदान करे।
भावपूर्ण श्रद्धांजलि ! ॐ शान्ति
(निधन तारीख - 20 फरवरी 2024)
**हरियाणा गौड ब्राह्मण-गुजरात पत्रिका टीम**

## भावपूर्ण श्रद्धांजलि !



परमपिता परमेश्वर स्व.कन्हैयालाल शिवचरण शर्मा(वाडीवाले-निवासी वडोदरा) की दिव्य आत्मा को शांति प्रदान करे।
भावपूर्ण श्रद्धांजलि ! ॐ शान्ति
(निधन तारीख - 19 जनवरी 2024)
**हरियाणा गौड ब्राह्मण-गुजरात पत्रिका टीम**

## भावपूर्ण श्रद्धांजलि !



परमपिता परमेश्वर स्व.मंगलीराम सीताराम शर्मा (खजुरिया संपत) (मूल निवासी झालोद) की दिव्य आत्मा को शांति प्रदान करे।
भावपूर्ण श्रद्धांजलि ! ॐ शान्ति
(निधन तारीख - 25 जनवरी 2024)
**हरियाणा गौड ब्राह्मण-गुजरात पत्रिका टीम**

## भावपूर्ण श्रद्धांजलि !



परमपिता परमेश्वर स्व.ममताबेन मुकेश शर्मा (निवासी-वडोदरा) की दिव्य आत्मा को शांति प्रदान करे।
भावपूर्ण श्रद्धांजलि ! ॐ शान्ति
(निधन तारीख - 10 फरवरी 2024)
**हरियाणा गौड ब्राह्मण-गुजरात पत्रिका टीम**

## भावपूर्ण श्रद्धांजलि !



परमपिता परमेश्वर स्व.क्रिष्नादेवी किशनलाल शर्मा (चांदखेडा-अहमदाबाद) की दिव्य आत्मा को शांति प्रदान करे।
भावपूर्ण श्रद्धांजलि ! ॐ शान्ति
(निधन तारीख - 23 फरवरी 2024)
**हरियाणा गौड ब्राह्मण-गुजरात पत्रिका टीम**

## भावपूर्ण श्रद्धांजलि !



परमपिता परमेश्वर स्व.श्यामलाल शर्मा (डीग वाले - हाल निवास वडोदरा) की दिव्य आत्मा को शांति प्रदान करे।
भावपूर्ण श्रद्धांजलि ! ॐ शान्ति
(निधन तारीख - 03 फरवरी 2024)
**हरियाणा गौड ब्राह्मण-गुजरात पत्रिका टीम**

## बिरधीचंद शर्मा के पारिवारिक अवसर में शामिल हुए

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा



अखिल भारतीय हरियाणा गौड ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बिरधीचंद शर्मा (कोठोत्या) के परिवार में 18 जनवरी 2024 के दिन उनके सुपौत्र की शादी के शुभ अवसर पर राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्माने शिरकत की। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्माने इस शुभ अवसर पर आयोजित समारोह में शामिल होकर परिणय सूत्र में बंधनेवाले सिद्धार्थ एवं ख़ुशी को सुखद दाम्पत्य का आशीर्वाद दिया।

## दौसा : शंकर शर्मा ने विकसित भारत संकल्प यात्रा में लिया हिस्सा



दौसा के पूर्व सांसद एवं अखिल भारतीय हरियाणा गौड ब्राह्मण महासभा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष शंकर शर्मा ने 18 जनवरी 2024 को विकसित भारत संकल्प यात्रा अंतर्गत खैरवाल में आयोजित शिविर में पहुँचकर विभिन्न विभागों के कर्मचारियों से मिलकर केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं में ज्यादा से ज्यादा लाभार्थियों को पंजीकृत करने व लाभ दिलवाने हेतु निर्देशित किया।

## दौसा रक्तदान शिविर भाजपा नेता शंकर शर्माने बढाया उत्साह




दौसा में राजस्थान ब्राह्मण महासभा दौसा आयोजित रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। परशुराम धर्मशाला दौसा में 25 फरवरी 2024 को आयोजित इस समारोह में भाजपा नेता एवं अखिल भारतीय हरियाणा गौड ब्राह्मण महासभा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष शंकर शर्माने शिरकत की। इस दौरान रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र भी प्रदान किए गए।

## दौसा - शंकर शर्मा ने धार्मिक कार्यक्रम में की शिरकत



दौसा के पूर्व विधायक एवं भाजपा नेता शंकर शर्मा ने अपने विधानसभा क्षेत्र दौसा में मोहनपुरा लवाण में उपस्थित होकर धार्मिक कार्यक्रम में शिरकत की ओर सभी को रामलला की प्राणप्रतिष्ठा का शुभकामनाएं व बधाई दी।

## होली स्नेह मिलन समारोह व फागोत्सव का पोस्टर विमोचन



सिद्धपीठ धाम बैनाडा के दर्शन कर श्री श्री 1008 महंत श्री रामदयाल दास जी महाराज से अखिल भारतीय हरियाणा गौड़ ब्राह्मण महासभा जयपुर के तत्वावधान में युवा संघ के द्वारा आयोजित होली स्नेह मिलन समारोह व फागोत्सव का पोस्टर विमोचन करवाया एवं दीप प्रज्वलन के लिए निमंत्रण दिया। श्री सिद्धपीठ धाम बैनाडा श्री श्री 1008 महंत श्री रामदयाल दास जी महाराज का आशीर्वाद हम सब पर बना रहे।

## जयपुर में होली स्नेह मिलन समारोह व फागोत्सव 2024 का आयोजन




17 मार्च को अखिल भारतीय हरियाणा गौड़ ब्राह्मण महासभा के युवासंघ द्वारा श्रीराम जी के आशिर्वाद से रविवार ,दिनांक 17/3/2024 को होली स्नेह मिलन समारोह व फागोत्सव 2024 को आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन में आप सभी समाज बंधु सह सम्मान आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम स्थल - अखिल भारतीय हरियाणा गौड़ ब्राह्मण छात्रावास, दैनिक भास्कर कार्यालय के पीछे, JLN मार्ग, जयपुर में रहेगा। सुबह 11.15 बजे दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया जाएगा।

## अहो आश्चर्य

### 5 साल की तन्वी शर्मा को कंठस्थ है रामायण के लव-कुश कांड की पूर्ण कथा

तन्वी को अपने स्कूल से तीन बार स्टूडेंट ऑफ द ईयर का अवॉर्ड मिल चुका है।







पंकज शर्मा, अहमदाबाद : हरियाणा गौड़ ब्राह्मण समाज और उभरते युवाओं और बच्चों की नई पीढ़ी प्रतिभा से भरपूर है। इसीलिए हरियाणा गौड़ ब्राह्मण गुजरात पत्रिका टीम ने टैलेंट अभियान के तहत ऐसे प्रतिभाशाली कलाकारों को ढूंढ़ने और उनकी कला का ज्ञान समाज के सामने पेश करने का बीड़ा उठाया है। इसी कड़ी में हमें अहमदाबाद के वस्त्राल और फिलहाल राजस्थान के झालावाड़ में रहने वाली पांच साल की तन्वी शर्मा की नई प्रतिभा के बारे में पता चला। आपको जानकर हैरानी होगी कि पांच साल की तन्वी शर्मा ने रामायण के लवकुश कांड की पूरी कथा कंठस्थ कर ली। इतना ही नहीं वह झालावाड़ में सार्वजनिक रामकथा के दौरान स्टेज पर परफॉर्मेंस भी दे चुकी हैं. तन्वी शर्मा की मधुर आवाज में रामकथा का गायन सुनकर हर किसी का मन मंत्रमुग्ध हो जाता है।

तन्वी शर्मा झालावाड़ में रहकर कक्षा 4 में पढ़ती है। उनके पिता का नाम विनोद शर्मा (बसवाला) और माता का नाम आरती शर्मा है, जो अहमदाबाद के वस्त्राल में रहते हैं। तन्वी पढ़ाई में भी काफी कुशल हैं. इतनी कम उम्र में तन्वी को अपने स्कूल से तीन बार स्टूडेंट ऑफ द ईयर का अवॉर्ड मिल चुका है। तन्वी को धार्मिक कहानियों में काफी रुचि है। कोरोना काल में उसने लव-कुश कांड की कहानी कंठस्थ कर ली थी। अब कई सार्वजनिक मंच से रामकथा के इस भाग को अपने सुमधुर अवाज में गाती भी है। तन्वी को धार्मिक कथाओ के अलावा डांस और गाने का भी बहुत शौक है। इतना ही नही, खेलो में भी तन्वी किसी से कम नही है। उन्होंने कराटे चैम्पियनशिप में कांस्य पदक भी जीता। तन्वी शर्मा इतनी कम उम्र में विशाल कौशल होने के कारण परिवार और समाज का गौरव बन गई हैं। तन्वी ने दो बार स्टेट चैम्पियनशिप ने स्वर्ण पदक व कांस्य पदक जीते हैं,स्कूल प्रतिस्पर्धाओं में भी 29 मेडल जीत चुकी है।तन्वी बड़ी होकर IAS बनना चाहती है।

कम उम्र में ऐसी प्रतिभा को सामाजिक संगठनों और अग्रीम समाजबंधुओ को पहचानना चाहिए। और सराहना भी की जानी चाहिए। हमारी टीम ऐसे कई प्रतिभाशाली बच्चों और समुदाय के सदस्यों की तलाश कर रही है। समाज के सदस्यों से निवेदन है कि यदि आपके पास हमारे समाज का कोई अद्भुत हुनर या कला वाला व्यक्ति है तो उसके बारे में फोटो समेज जानकारीयां एकत्र कर गुजरात पत्रिका टीम को अवश्य भेजें। इसका एकमात्र उद्देश्य यह है कि हम अपने समाज में प्रतिभा को पहचानें, उसे बढ़ावा दें और दूसरों को भी प्रेरित करें।

# हरियाणा गौड़ ब्राह्मण समाज, इंदौर द्वारा

# हनुमान चालीसा के पठन का भव्य आयोजन

डॉ. राहुल शर्मा , मध्यप्रदेश : श्री राम भक्त हनुमान मंडल हरियाणा गौड़ ब्राह्मण समाज, इंदौर द्वारा दिनांक 13 जनवरी 2024 को समाज के मंदिर पर हनुमान चालीसा के पाठ का आयोजन हुआ। महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग के मुख्य पुजारी श्री महेश गुरु जी के सानिध्य में सर्वप्रथम 101 लीटर खीर प्रसाद का वितरण किया गया उसके पश्चात हनुमान चालीसा के कार्यक्रम के पूर्व उज्जैन से पधारे श्री महेश गुरु जी के साथ दैनिक नारद दर्पण और महांकाल नयन के संपादक डॉ. घनश्याम शर्मा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, दिलीप शर्मा राष्ट्रीय संगठन मंत्री, मनोहर शर्मा राष्ट्रीय उप मंत्री, देवेश्वर शर्मा, मुकेश खंडेलवाल, महेंद्रसिंह बैस, रूपेश मेहता, राजेश बैरागी आदि अतिथियों का स्वागत मंदिर के पुजारी हिमांशू पंडित ने तिलक लगाकर एवं मंडल के संयोजक रामावतार शर्मा एवं राकेश शर्मा, इंदौर समाज के अध्यक्ष मनीष भोंगा, उपाध्यक्ष राजेश बन्दावला, मंत्री महेश पंचोली, हरीश जासड़ावत, दिनेश भोंगा, महेश राजोरा, कजोड़ नाहर्डिया कार्यकारिणी सदस्य, मयंक चौरास्या, प्रदेश कोषाध्यक्ष, समाज के वरिष्ठ सुरेश बसवाला राष्टीय उपाध्यक्ष, महेश नारनोल्या, मोहनलाल नाहर्डिया, तेजकरण बन्दावला, लक्ष्मीनारायण बोटोल्या, महेश बड़वास्या, रामगोपाल बोटोल्या, सुभाष सामोत्या, जयंत सामोत्या, किशनलाल नाहर्डिया, हरिकिशन नारनोल्या, अंशुल चौरास्या, आदि ने दुपट्टे पहनाकर स्वागत किया। समाज बंधुओ में राजेन्द्र, अभिषेक नाहर्डिया, प्रह्लाद नाहर्डिया, महेश बोटोल्या, सत्यनारायण कलवानिया, प्रभुलाल हरसौरा, महेश बसवाला, पुरषोत्तम जासडावत, नितेश जासड़ावत, अविनाश बन्दावला, योगेश बन्दावला, सुभाष भेड़ोल्या, नीरज पंचोली, कैलाश दूत, सुभाष चौरास्या, शंकर चौरास्या, राधेश्याम कांसला, गिरिजाशंकर, प्रशांत कोठोत्या, हनु सामोत्या, कैलाश हल्दिनिया, मंथन बन्दावला, अजय कोठोत्या, पप्पू कालवानिया, मुकेश चौधरी, आयुष चौधरी, दीपक पंचोली, जितेंद्र पंचोली, संतोष कोठोत्या, हिमांशू , शुभम बोटोल्या, कान्हा हरसौरा, अमित बोटोल्या, दिव्यास जासडावत, जगन्नाथ भोपलावत, राजू भोपलावत, पार्थ बोहरा, मंथल पंचोली, भूपेंद्र बोटोल्या, हेमंत बोटोल्या, देवाक नारनोल्या महिला शक्ति में श्रीमति पुष्पा बन्दावला, श्रीमति लता, श्रीमति अर्पणा, श्रीमति सरोज, श्रीमति धारा बोटोल्या, श्रीमति विजयलक्ष्मी बोटोल्या, श्रीमति प्रेमा हरसौरा, रम्मू जीजी बन्दावला, श्रीमति रेखा, श्रीमति कमला नारनोल्या, श्रीमति कमला बाई काजला (जावरा), मुन्नीबाई बलेसरा, शान्तिबाई पंचोली, सुशीला कोठोत्या, मीना नाहर्डिया, कोमल बड़गोती, कुसुम, स्वाति सामोत्या, अर्चना भोंगा, रेखा भोंगा, रेखा पंचोली, सीमा सामोत्या, संतोष कोठोत्या आदि की उपस्थिति रही! श्रीमति कुसुम सामोत्या द्वारा महेश गुरुजी का शाल श्रीफल से स्वागत करते हुए अपने द्वारा चलाये जा रहे महिलाओं के लिए एन. जी. ओ. की जानकारी दी गई। स्वागत के बाद मंडल की जानकारी मंडल के संयोजक रामावतार बोटोल्या द्वारा दी गई उसके बाद डॉ घनश्याम शर्मा , दिलीप पंचोली के बाद मुख्य अतिथि श्री महेश गुरुजी ने अपने उद्बोधन में हनुमान चालीसा के आयोजन की सराहना करते हुए आशीर्वाद दिये उसके बाद मंदिर के पुजारी हिमांशू उपाध्याय ने विधिवत पूजन करवाया गया उसके बाद हरे रामा हरे कृष्णा संकीर्तन के बाद हनुमान चालीसा के पाठ करके आरती एवं उसके बाद मुख्य पुजारी द्वारा उपस्थित सभी हनुमान भक्तों को दुपट्टा पहनाकर आर्शीवाद दिया. मुख्य यजमान जयपुर के श्री घनश्याम शर्मा (स्व.शिवराम शर्मा पूर्व विधायक एवं महासभा के पूर्व अध्यक्ष ) लक्ष्मीनारायण बोटोल्या (केलेवाले) के मामाजी के सुपुत्र द्वारा 101 लीटर दूध के खीरान प्रसाद का वितरण करके पेड़े एवं चने चिरौंजी का प्रसाद वितरण करते हुए आभार प्रदर्शन मंडल के संयोजक राकेश चौधरी ने किया कार्यक्रम का संचालन महेश पंचोली मंत्री इंदौर समाज ने किया।

### दिनांक 13 जनवरी 2024 को हनुमान चालीसा के पाठ का यह लगातार 41 वा शनिवार संपन्न हुआ













## जमवारामगढ(जयपुर) से लापता बालक के परिवार को

## गुजरात से मिली खुशखबरी

### लौट आई खुशी

# पंचमहाल जिले के मोरवा थाना क्षेत्र से आखिरकार मिल ही गया आलोक शर्मा

**18** दिन से लापता **13** वर्षीय आलोक का अपने माता पिता से हुआ **मिलन**



## लौट आई खुशी - पुलिस को सलाम

जब कोई छोटा बच्चा लापता हो जाता है तो परिवार में बड़ी चिंता और शोक छा जाता है। आप अंदाजा लगा सकते हैं कि अपने लाडले के गायब होने की खबर पाकर परिवार पर क्या बीती होगी.. मामला राजस्थान के जमवारामगढ़ का है.. जहां नायला गांव में आलोक नाम का बच्चा अचानक लापता हो जाता है. और फिर 18 दिनों तक पुलिस और समाज के प्रमुख सदस्यों ने तलाश में काफी मेहनत और मशक्कत की। और इस मेहनत का नतीजा बहुत मीठा रहा है. जी हा.. जमवारामगढ से गायब हुआ आलोक शर्मा गुजरात के पंचमहाल जिले के मोरवा थाना क्षेत्र से मिला है, जांबाज पुलिस अधिकारी और उनकी टीमने आलोक शर्मा का पता लगाकर उसका उसके माता पिता से मिलन करवा दिया. इस दौरान सभी परिवारजन एवं समाजबंधु भावुक हो गए.

अब आपको पूरी खबर बताते है कि आखिरकार आलोक शर्मा कैसे गायब हुआ , कहां गया था और पुलिस अधिकारीओने कैसे अपनी टीमो को दौडाकर इसका पता लगाया?. बता दें 9 फरवरी को 13 वर्षीय आलोक शर्मा स्कूल छुट्टी होने के बाद लापता हो गया था. पुलिस के अनुसार 9 फरवरी की रात करीब 2 बजे हाईवे से ट्रक को रुकवाकर छात्र उसमें बैठ गया। उसको रात में अकेला और परेशानी में देखकर बैठा लिया और अपने साथ ले गया। इस दौरान बीते 17 दिनों में आलोक ट्रक ड्राइवर के साथ ही रहा जो यूपी, एमपी और गुजरात तक गया, जहां ड्राइवर ने अपने साथ आलोक के खाने-पीने की सभी सुविधाएं दी।

गौरतलब है कि 22 फरवरी को विभिन्न संगठनों की ओर से धरना प्रदर्शन कर पुलिस को लापता बालक को ढूंढने की चेतावनी दी थी. समाज बंधुओ द्वारा कानोता थाने पर अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन किया गया। इस दौरान समाज बंधुओ के नेतृत्व में एडिशनल एसपी सुमन चौधरी जी को ज्ञापन दिया था। अखिल भारतीय हरियाणा गौड ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बिरधीचंद शर्मा एवं महासभा के सदस्यो और राजस्थान प्रदेश से समाजबंधुओने अनिश्चित कालीन धरने में हिस्सा लिया था। हरियाणा गौड़ ब्राह्मण समाज - राजस्थान के सदस्यों ने भी सोशल मीडिया पर आलोक शर्मा के बारे में जानकारी देने के लिए अभियान चलाया. गुजरात हरियाणा गौड ब्राह्मण समाज के भी कई सोशियल प्लेटफार्म पर आलोक शर्मा के लापता होने की पोस्ट देखी गई थी.

वहीं, जयपुर पुलिस की टीम ने आलोक शर्मा की तलाश के लिए कई टीमें बनाई. जयपुर कानोता थाना पहुंचने पर छात्र ने बताया कि ट्रांसपोर्ट नगर से ट्रक में बैठकर वह गुजरात पहुंचा. गुजरात पहुंचने पर छात्र आलोक ने अपने दोस्त व पिता को फोन कर जानकारी दी. परिजनों की सूचना पर पुलिस ने सीडीआर रिपोर्ट के आधार पर गुजरात पुलिस से सम्पर्क किया और छात्र को दस्तयाब किया. छात्र आलोक शर्मा ने बताया कि पिता राधेश्याम शर्मा को 21 फरवरी को फोन किया था, लेकिन फोन पर आवाज नहीं आ रही थी. बाद में 25 फरवरी को ट्रक ड्राइवर के नंबर से छात्र ने दोस्त अमन को फोन किया व कुछ देर बाद पिता को भी फोन किया लेकिन डर के कारण बोल नहीं पाया और फोन काट दिया. दोस्त अमन ने आलोक शर्मा का फोन आने की सूचना दी. सूचना पर परिजनों ने पुलिस को जानकारी दी जिस के बाद पुलिस एसीपी फूलचंद मीणा व कानोता थाना प्रभारी भगवान सहाय मीणा ने गुजरात पुलिस से सम्पर्क साधते हुए लोकेशन बताते हुए छात्र को दस्तयाब किया. गुजरात पुलिस ने छात्र के साथ ट्रक ड्राइवर को हिरासत में लिया. जयपुर के कानोता की ग्राम पंचायत नायला से लापता छात्र जब कानोता पुलिस स्टेशन पहुंचा तो बिलख-बिलख कर रोने लगा। जिसके बाद वहां मौजूद लोगों की आंखे भी नम हो गई।

इस मौके पर एडिशनल डीसीपी ईस्ट सुमन चौधरी ने कहा कि इस सफलता का श्रेय पुलिस की सभी टीमों और सहयोग करने वाले लोगों को जाता है। उन्होंने कहा कि छात्र स्वस्थ है और वह अपने माता-पिता के साथ रहना चाहता है। इस पर पुलिस के आला अधिकारियों ने उसे माता-पिता के सुपुर्द कर दिया।

तो इस तरह आख़िरकार कई दिनों से लापता आलोक शर्मा सकुशल मिल गया. परिजनों और ग्रामीणों ने छात्र आलोक शर्मा और पुलिस कर्मियों का स्वागत कर मिठाई बांटकर खुशी जताई. बालक की सूचना मिलते ही कानोता थाने पर विप्र सेना प्रमुख सुनील तिवाड़ी, कार्यकारिणी सदस्य हितेश गौतम, ग्रामीण व पीड़ित के परिजन सहित अन्य सैकड़ो लोग पहुंचे और पुलिस को बधाई दी। आलोक के परिवारजनने जयपुर पुलिस की टीम एवं एडिशनल एसपी, कानोता थाना प्रभारी भगवान सहाय मीणा और उनकी पूरी टीम को धन्यवाद एवं अभिनंदन दिया. अखिल भारतीय हरियाणा गौड ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बिरधीचंद शर्मा और आलोक शर्मा के परिवारजनोने इस कार्य में प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग करने वाले सभी का हार्दिक आभार एवं धन्यवाद दिया। हरियाणा गौड ब्राह्मण समाज - गुजरात प्रदेश की तरफ से पुलिस की पूरी टीम को सलाम।

# हरियाणा गौड ब्राह्मण गुजरात-पत्रिका टीम

## हरियाणा गौड ब्राह्मण समाजबंधुओ को हरियाणा गौड ब्राह्मण गुजरात पत्रिका टीम की तरफ से

## होली पर्व की हार्दिक शुभकामनाएँ



अखिल गुजरात हरियाणा गौड़ ब्राह्मण सेवा संगठन गुजरात राज्य



तंत्री : विजयभाई शर्मा (चोरीवाड)
Mo.8140036786



सहतंत्री : रामअवतार शर्मा (कठवाडा)
Mo.9825008751



सहतंत्री : सहतंत्री : कमलेश शर्मा (इसनपुर)
Mo.9898584469



सहतंत्री : उमेश कुडाया (कणभा)
Mo.9825019516



पत्रिका संचालन-व्यवस्थापक : पंकज शर्मा (बोपल)
Mo.8000309379

## पत्रिका सदस्य समाचार सूचक



डॉ.दौलतकुमार शर्मा(गांधीनगर)
Mo.9904535914



जगदीशभाई शर्मा (पाटण)
Mo.9825592026



मनीषा शर्मा (गोरवा)
Mo.9023664488



नैना शर्मा (बापुनगर)
Mo.7573093736



हितेश शर्मा (सिद्धपुर)
Mo.90169 05113



राजुभाई शर्मा(वडोदरा-सुरत)
Mo.9427794943



सागर शर्मा (आणंद)
9898925719



विनोद शर्मा (अरवल्ली)
Mo.94262 83362



गयाप्रसाद बलेसरा (दिल्ली)
Mo.8826159765